>

Title: Regarding construction of Airport at Dhalbhoomgarh in Jameshedpur Parliamentary Constituency.

श्री बिद्युत बरन महतो (जमशेदपुर) : अध्यक्ष जी, मैं जमशेदपुर लोक सभा क्षेत्र से आता हूं । वहां काफी बड़े और मझोले किस्म के उद्योग हैं । एमएसएमई और ऑटोमोबाइल सैक्टर के हजारों उद्योग हैं । उनके पार्ट्स आयात और निर्यात होते रहते हैं । इसके साथ-साथ आयरन ओर, यूरेनियम, मैंगनीज तथा गोल्ड की माइन्स भी हैं । इसी कारण वहां देश-विदेश के लोग आते जाते रहते हैं । लेकिन धालभूमगढ़ एयरपोर्ट की पिछले कई वर्षों की मांग है । पिछली सरकार ने तत्कालीन विमानन राज्य मंत्री जयंत सिन्हा जी और हमारे माननीय मुख्य मंत्री रघुवर दास के नेतृत्व में भूमि पूजन हुआ था, लेकिन आज तक इस एयरपोर्ट का काम शुरू नहीं हुआ । बहुत सारे छात्र-छात्राएं बैंगलुरू, भुवनेश्वर, वेस्ट बंगाल पढ़ने जाते हैं । इस कारण यह एयरपोर्ट बनना बहुत आवश्यक है ।

अध्यक्ष जी, मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से मांग करता हूं कि धालभूमगढ़ में एयरपोर्ट का निर्माण अविलम्ब कराया जाए ।

माननीय अध्यक्ष : कुंवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल को श्री बिद्युत बरन महतो द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है ।